हादसा | परिजनों का विद्युत विभाग पर फूटा गुस्सा, एफआईआर और मुआवजे की मांग

खेत में करंट लगने से किसान की मौत

अनूपपुर, नवभारत 25 जुलाई। नगर पालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 10 में खेत में काम कर रहे एक किसान की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजन शव को एंबुलेंस से विद्युत विभाग कार्यालय लेकर पहुंचे और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 10 निवासी कमलेश पटेल धान रोपाई की तैयारी के लिए अपने खेत में मेड़ काट रहे थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही एलटी (लो टेंशन) विद्युत लाइन का एक जर्जर तार अचानक टूटकर पानी से भरे खेत में गिर गया। खेत में करंट फैलने से कमलेश पटेल उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

विद्युत पोल का तार लंबे समय से झूल रहा था

मृतक के परिजनों का आरोप है कि संबंधित विद्युत पोल से तार लंबे समय से झूल रहा था। इसकी शिकायत कई बार विद्युत विभाग को दी गई थी, लेकिन विभाग ने समय रहते मरम्मत नहीं कराई। उनका कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण एक किसान की जान चली गई।

परिजनों व ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

घटना के बाद परिजन और ग्रामीण शव को एंबुलेंस से विद्युत विभाग कार्यालय लेकर पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को उचित कार्रवाई और जांच का आश्वासन दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं देर शाम तक परिजनों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। फिलहाल पुलिस और विद्युत विभाग पूरे मामले की जांच में जुटे हैं। जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

गोबर गैस टंकी में गिरने से युवक की मौत

कुएं की मेढ़ पर पैर फिसलने के कारण हुआ हादसा

अनूपपुर नवभारत 25 जुलाई। जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र के सेमरवार गांव में गोबर गैस टंकी में गिरने से 40 वर्षीय अजय सिंह राठौर की मृत्यु हो गई। घर के पास बनी टंकी की सफाई के दौरान पैर फिसलने से यह हादसा हुआ।

परिजनों के अनुसार अजय सिंह राठौर पिछले 20 वर्षों से अपने घर के पास बने गोबर गैस कुएं की सफाई का काम करते आ रहे थे। शुक्रवार शाम जब वह टंकी की सफाई के लिए पहुंचे, तो अचानक कुएं की मेढ़ पर उनका पैर फिसल गया और वह सीधे गोबर से भरे कुएं के अंदर जा गिरे। इस दौरान घर में मौजूद मां और पत्नी ने कुएं की तरफ से मदद की आवाज सुनी। मौके पर पहुंचकर उन्होंने अजय को गोबर के बीच फंसा देखा और तुरंत पड़ोसियों को बुलाया। स्थानीय लोगों की मदद से अजय को बाहर निकालकर उनके शरीर की सफाई की गई।

अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में हुई मौत

चोट की आशंका को देखते हुए परिजन अजय को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी लेकर रवाना हुए। जहां अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई, स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. हिमांशु पांडे ने जांच कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर की सूचना पर जैतहरी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर आगे की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

एक नजर में

रेलवे मजदूर कांग्रेस की जनसंपर्क यात्रा

अनूपपुर, नवभारत। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर द्वारा शनिवार, 25 जुलाई को मौहरी रेलवे स्टेशन एवं रेलवे कॉलोनी में रेल कर्मचारी जनसंपर्क यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने रेल कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने का आश्वासन दिया। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण तथा मंडल समन्वयक के निर्देश पर आयोजित इस जनसंपर्क अभियान के तहत संगठन लगातार रेलवे कॉलोनियों में पदयात्रा कर कर्मचारियों से संवाद स्थापित कर रहा है। अभियान के माध्यम से रेल आवासों की स्थिति, वेतन संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न मुद्दों को संकलित कर पीएनएम, नॉन-पेमेंट एवं इंफॉर्मल बैठकों में उठाकर उनके समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।

24 घंटे में जिले में 2.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

अनूपपुर, नवभारत। जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 2.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर अलग-अलग मात्रा में वर्षा रिकॉर्ड की गई। आंकड़ों के अनुसार बिजुरी वर्षामापी केंद्र में सर्वाधिक 15.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं वेंकटनगर में 1.3 मिलीमीटर तथा अनूपपुर में 1 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा कोतमा, जैतहरी, पुष्पराजगढ़, अमरकंटक और बेनीबारी वर्षामापी केंद्रों पर बीते 24 घंटे के दौरान वर्षा शून्य (निरंक) दर्ज की गई।

5 दिन से लापता तरसीली गांव के बुजुर्ग का शव केवई नदी में मिला

परिजन बोले- मानसिक अस्वस्थ था

अनूपपुर नवभारत 25 जुलाई। जिले के कोतमा थाना क्षेत्र में केवई नदी के द्विधारा घाट पर बिजुरी थाना क्षेत्र के तरसीली गांव निवासी 54 वर्षीय रामपति साहू का शव मिला। वे पिछले 5 दिनों से लापता बताया जा रहा था।

रामपति साहू का शव शुक्रवार की शाम सीतामढ़ी पिकनिक स्पॉट के पास कलधवा गांव के नजदीक नदी में बहता मिला। एक स्थानीय ग्रामीण की सूचना के बाद उनके बेटे ने कोतमा पुलिस को खबर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया और शनिवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। जांच अधिकारी प्रधान आरक्षक अजय तोमर के अनुसार परिजनों ने बताया कि रामपति साहू मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। वे काम के सिलसिले में रोजाना तरसीली से छुलहा गांव पैदल आते-जाते थे और रास्ते में पड़ने वाली केवई नदी पार करते थे।

शरीर पर कोई गंभीर चोट के निशान नहीं मिले

रामपति साहू पिछले 5 दिनों से लापता थे और परिजन उनकी तलाश में जुटे थे, हालांकि थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर परिजनों ने कोई साफ जवाब नहीं दिया है। पुलिस को मृतक के शरीर पर कोई गंभीर चोट के निशान नहीं मिले हैं, लेकिन नदी में काफी दूर तक बहने के कारण शरीर पर खरोंचें आई हैं। आशंका जताई जा रही है कि नदी पार करते वक्त वे पानी के तेज बहाव में बह गए होंगे।

संगीत संध्या और पौधरोपण कर मनाया जन्मोत्सव

नवभारत, जबलपुर। वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री-समाजसेवी बाबू चंद्रमोहन के 77वें जन्मोत्सव पर शहीद स्मारक परिसर में पौधारोपण, संगीत संध्या 'चंद्रोत्सव' और नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इस पावन अवसर पर सुबह 12 बजे पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पूर्व विधायक नित्य निरंजन खम्परिया, शेखर चौधरी, ऋषि रैकवार, डॉ. हिमांशु तिवारी, डॉ. रजनीश गर्ग, अंकिता निगम, प्रेम वर्मा और मंजू इंग्ले की उपस्थिति में 11 पौधे रोपे गए।



पुष्पराजगढ़ को स्वास्थ्य सेवा की बड़ी सौगात

विधायक फुन्देलाल सिंह के प्रयास रंग लाए

अनूपपुर, नवभारत 25 जुलाई। पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के प्रयासों से क्षेत्र के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन को राज्य सरकार की मंजूरी मिल गई है।

विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने विधानसभा के दौरान मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल से क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके तहत पुष्पराजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सिविल अस्पताल में उन्नयन तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेनिवारी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किए जाने की जानकारी सामने आई।

बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी

इस उपलब्धि पर विधायक मार्को ने उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन से क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इससे गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा, दूरस्थ ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा तथा बड़े शहरों में इलाज के लिए जाने की आवश्यकता और अनावश्यक आर्थिक बोझ में कमी आएगी।

गश्ती दल ने हाथियों के बीच फंसे युवक की बचाई जान

अमगवां में गश्ती दल की सफलता, वन विभाग अलर्ट

अनूपपुर, नवभारत 25 जुलाई। जिले में तीन जंगली हाथियों का दल शुक्रवार शाम सोनमौहरी के जंगल से निकलकर अमगवां और गुवारी गांव होते हुए शनिवार सुबह मोजर बेयर प्लांट परिसर में पहुंच गया। हाथियों की मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) शहडोल महेंद्र सिंह ने शनिवार को मौके का निरीक्षण कर वन अधिकारियों को हाथियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हाथियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए, जिससे स्थिति संवेदनशील हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए वन विभाग को जैतहरी थाना पुलिस की मदद लेनी पड़ी।

युवक हाथियों के बेहद करीब पहुंच गया था

अमगवां तिराहे के पास देर रात 28 वर्षीय सौरभ उर्फ गोरखा पिता भूखन पनिका, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया गया है, अचानक हाथियों के बेहद करीब पहुंच गया। हाथी गश्ती दल में तैनात वन कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को सुरक्षित स्थान पर खींच लिया, जिससे उसकी जान बच गई। मुख्य वन संरक्षक महेंद्र सिंह ने शनिवार दोपहर मोजर बेयर प्लांट पहुंचकर हाथियों की स्थिति का जायजा लिया।

स्कूल-कॉलेज परिसरों में वृहद पौधरोपण

राजनगर, नवभारत 25 जुलाई। नगर परिषद बनगवां के तत्वावधान में शुक्रवार को अमृत हरित अभियान के तहत राजनगर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शासकीय हाई स्कूल, शासकीय महाविद्यालय एवं शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास परिसर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने छायादार एवं फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाया जाए। अभियान के माध्यम से स्वच्छ एवं हरित राजनगर के निर्माण का संदेश भी दिया गया।

नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी लखनलाल पनिका ने कहा कि अमृत हरित अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है।

आंगनबाड़ी के बच्चों को मिली शिक्षा सामग्री, समाजसेवियों की पहल बनी मिसाल

राजनगर, नवभारत 25 जुलाई। नगर परिषद डोला अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 227 में समाजसेवियों की पहल से बच्चों के पोषण और शिक्षा को प्रोत्साहित करने का सराहनीय प्रयास किया गया। सेक्टर डोला की पर्यवेक्षक सीमा सिंह के मार्गदर्शन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता द्विवेदी के समन्वय से समाजसेवी सुरेंद्र कुमार शर्मा, उनकी पत्नी एवं स्थानीय परिवाद समिति की अध्यक्ष सुमिता शर्मा तथा सोनम तिवारी ने केंद्र के नौनिहालों को फूड पैकेट, पोषण किट, स्टेशनरी सामग्री तथा नाश्ते के लिए कटोरी-चम्मच वितरित किए।

सामग्री मिलने पर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। समाजसेवियों ने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों के बेहतर पोषण, शिक्षा और स्वच्छ आदतों को बढ़ावा देना है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने की सराहना

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता द्विवेदी ने इस पहल के लिए सेक्टर पर्यवेक्षक सीमा सिंह के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजीता भगत, जिला सशक्तिकरण अधिकारी मंजूषा शर्मा तथा परियोजना अधिकारी सीमा गाजू के सहयोग और प्रोत्साहन को भी महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर पार्षद जगदीश जायसवाल, अनुराग सिंह, रीमा, आंगनबाड़ी सहायिका सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

चरित्र संदेह में पति ने की पत्नी की हत्या

अनूपपुर, नवभारत 25 जुलाई। जिले की फुनगा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पयारी क्रमांक 1 में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। चरित्र संदेह के चलते एक पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार मृतिका मुनिया बाई शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे अपने घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान उसका पति मायाराम चौधरी कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा और कथित रूप से चरित्र संदेह के चलते उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

एसडीओपी ने लिया घटनास्थल का जायजा

घटना की सूचना मिलते ही फुनगा पुलिस चौकी प्रभारी सोने सिंह परस्ते पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। एसडीओपी आरती शाक्य भी मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का जायजा लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मायाराम चौधरी को हिरासत में ले लिया है। मृतका के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

लापरवाही | लंबे समय से नहीं हुई मुख्य टैंक की सफाई; दूषित पानी से बीमारी का खतरा

गोविंदा वार्ड 12 स्थित फिल्टर प्लांट में लापरवाही

कोतमा नवभारत 25 जुलाई। जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत गोविंदा वार्ड क्रमांक 12 स्थित मुख्य पानी फिल्टर प्लांट, जहां से केवई नदी का पानी फिल्टर होकर दर्जनों श्रमिक परिवारों और स्थानीय निवासियों तक पहुंचता है, इस समय गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का शिकार है। जानकारी के अनुसार, इस प्लांट के मुख्य वाटर टैंक की सफाई लंबे समय से नहीं कराई गई है, जिसके चलते टैंक में अत्यधिक कीचड़ और मलबा जमा हो चुका है। मलबे के भारी दबाव के कारण टैंक का मुख्य वाल्व और व्हील पूरी तरह जाम हो चुका है, जिससे सफाई कार्य में बेहद कठिनाई आ रही है।

नागरिकों ने पेयजल की गुणवत्ता पर जताई चिंता

स्थानीय निवासियों और श्रमिक परिवारों ने पेयजल की गुणवत्ता पर गहरी चिंता जताई है।

गंदा, बदबूदार या अत्यधिक ब्लीचिंग/ केमिकल युक्त पानी का सेवन मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है।

13 ट्रिप कचरा निकलने के बाद भी स्थिति गंभीर

हाल ही में जल आपूर्ति के दौरान नलों से अत्यधिक कीचड़ और कचरा आने लगा था, जिससे पानी की आपूर्ति बाधित हो गई थी। समस्या को देखते हुए गत 5 जुलाई को नगर पालिका कोतमा से मड क्लीनर मशीन बुलवाकर सफाई का प्रयास किया गया। लगभग 13 ट्रिप कीचड़ और मलबा बाहर निकाला गया। इसके बावजूद टैंक में अभी भी भारी मात्रा में गाद (कीचड़) जमा है।

उच्च अधिकारियों से त्वरित कार्यवाही की मांग

क्षेत्रवासियों और जागरूक नागरिकों ने प्रबंधन एवं संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से अपील की है कि संवेदनशील विषय को देखते हुए तत्काल विशेषज्ञों की टीम लगाकर टैंक के जाम वाल्व को ठीक कराया जाए और पूरी तरह सफाई कराई जाए। अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर फिल्टर प्लांट का भौतिक निरीक्षण करें, ताकि अधीनस्थ कर्मचारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय हो सके।